# मानगो नगर निगम का अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी

## मानगो में निगम ने दूसरे दिन भी जब्त किया सामान



- अतिक्रमण हटाओ अभियान से दुकानदारों में मचा हड़कंप

**जमशेदपुर.** मानगो में दूसरे दिन मंगलवार को भी मानगो नगर निगम की ओर से कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय के नेतृत्व में मानगो चौक से डिमना चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया. इस दौरान दुकानों के आगे रखे गये सामान को जब्त किया गया. वहीं, कार्यपालक पदाधिकारी ने मानगो चौक, डिमना रोड, न्यू पुरुलिया रोड एवं अन्य क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों को फिर से अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी. सभी दुकानदारों को तय दुकान के अंदर ही सामान रखने का निर्देश दिया गया. अभियान में नगर प्रबंधक निशांत कुमार, राहुल कुमार, एवं कार्यालय सहायक चंडी चरण गोस्वामी, कार्यालय कर्मी सहित अन्य शामिल थे.